BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 10 अप्रैल, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

बाइक सवार बदमाश से थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व एक बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आंज दिनांक 10.04.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम काली नदी के बम्बे के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुका तथा बाइक को मोड कर मामन रोड की तरफ भागने लगा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध का पीछा किया गया कुछ दूरी पर बाग के पास उसकी बाइक फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध की घेराबंदी की गयी तो अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान **1. अनस उर्फ चौडा पुत्र जहीर निवासी रुकनसराय थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है।** घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनिय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म का चोर/लुटेर हैं। जो थाना कोतावली नगर पर पंजीकृत मुअसं-241/23 धारा 414,420 भादवि व 3/4/9/25 आर्म्स एक्ट, मुअसं-999/23 धारा 379,411 भादवि तथा मुअसं-119/24 धारा 414,482 भादवि में वांछित चल रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. अनस उर्फ चौडा पुत्र जहीर निवासी रूकनसराय थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर ।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 01 खोखा कारतूस।
2- 01 स्प्लेंडर बाइक नं0- यूपी 13 एबी 2013

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त अनस उर्फ चौडा का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-221/23 धारा 379,411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं-234/23 धारा 379,411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं-241/23 धारा 414,420 भादवि व 3/4/9/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
4- मुअसं-315/23 धारा 307,414 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
5- मुअसं-564/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
6- मुअसं-999/23 धारा 379,411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
7- मुअसं-115/24 धारा 379,411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
8- मुअसं-119/24 धारा 414,482 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।
2- निरीक्षक श्री सलाउद्दीन थाना कोतवाली नगर।
3- उ0नि0 मुनेश पाल, उ0नि0 दर्पण चौधरी
4- है0का0 मोहित मलिक, है0का0 राहुल, है0का0 सोनू पवांर, का0 राम सुनील

मीडिया सेल बुलंदशहर